प्रिय DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट समुदाय,

बहुत दुख से आज मुझे आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे बीच Lithonia हाई स्कूल का एक होनहार विद्यार्थी नहीं रहा है। निरर्थक हिंसा की घटनाओं ने हमारे समुदायों को काफी समय से त्रस्त किया हुआ है और अब समय आ गया है कि राज्य सरकार इन्हें काबू करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए। इस समस्या की अनदेखी करने का समय गुज़र चुका है; समय आ गया है कड़े कदम उठाए जाएं।

हमारे समुदाय की आवाज़ में इतनी ताकत है कि हम व्यवस्था में बदलाव ला सकते हैं और हमें अपनी इसी ताकत को पहचानते हुए उसका असरदार तरीके से उपयोग करना चाहिए। DeKalb काउंटी के हर निवासी को साथ मिलकर यह ऐलान कर देना चाहिए कि वे इस प्रकार की हिंसा को और अधिक सहन नहीं करेंगे। हमें अपने समुदायों को हिंसा के कुचक्र से बचाना होगा और हमारे बच्चों को सुरक्षित वातावरण मुहैया कराना होगा।

राजनीति के कारण समाज में उत्पन्न भेदभाव से ऊपर उठते हुए हमें उन समस्याओं का हल निकालना चाहिए जो हमारे लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं, जैसे कि हमारे बच्चों की सुरक्षा और भलाई। हमें ऐसे लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, जो समाज को अंदर और बाहर दोनों तरफ से खोखला करने की इच्छा रखते हैं। हमें अपने निजी स्वार्थ को छोड़कर समाज की भलाई के बारे में सोचना चाहिए और साथ मिलकर समान लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ना चाहिए।

इसके लिए, यह ज़रूरी है कि हमारे स्कूलों और केंद्रीय कार्यालयों में स्टाफ की कमी न हो, ताकि हर दिन हर बच्चे की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमारे पास आवश्यक संसाधन और समर्थन मौजूद रहें। शिक्षा लेते समय किसी भी बच्चे को हिंसा के खतरे का सामना नहीं करना चाहिए। हमें अपने सामर्थ्य से आगे बढ़ कर अपने विद्यार्थियों की रक्षा करनी चाहिए और उनका विकास करना चाहिए।

हालांकि, हमें खुद के अंदर भी झांक कर देखना चाहिए। हमें आइने के सामने खड़े रहते हुए खुद से पूछना चाहिए कि लोगों के प्रति उदासीनता की इस संस्कृति को रोकने या बढ़ावा देने में हमारा कितना योगदान है जिसने इस प्रकार की संवेदनहीन हिंसा को जन्म दिया है। हम यह कहते हुए इस समस्या से छुटकारा नहीं पा सकते हैं कि इस समस्या से हमारा कोई लेना-देना नहीं है।

हमें सामूहिक रूप से ज़िम्मेदारी लेते हुए हमारे बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना चाहिए और इसमें हम सभी की भागीदारी आवश्यक है। चलिए साथ मिलकर अतीत में किए अपने कार्यों पर विचार करें और समान उद्देश्य के लिए एकजुट हो कर खड़े रहते हुए एक समुदाय के तौर पर अपना विकास करें। हिंसा के इस चक्र को समाप्त करने के लिए हम सभी का साझा प्रयास ज़रूरी है। हमारे बच्चे बेहतर वातावरण के हकदार हैं और हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें उज्जवल और सुरक्षित भविष्य प्रदान करें।

अंत में, मैं आपको एक उद्धरण बताता हूं जो हमारे सिद्धांत का सार है: "*सबकी भलाई के लिए विचार करना, एकजुट होना और आगे बढ़ना।*" चलिए एकजुट हो कर, कंधे से कंधा मिलाएं और एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम करें जिसमें हमारे बच्चे बिना किसी डर के अपना जीवन जीएं।

साथ मिलकर हम अंतर ला सकते हैं,

Dr. Devon Q. Horton, *अधीक्षक*

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट